दफ्तरों के चक्कर काटने की नहीं पड़ी जरूरत, बस मितान योजना के लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर किया था संपर्क, घर बैठे मिल गया प्रमाण पत्र

भिलाई नगर/ खुर्सीपार भिलाई निवासी सोनाली विश्वकर्मा को आय प्रमाण पत्र की जरूरत थी। उन्हें मुख्यमंत्री मितान योजना के बारे में जानकारी मिली और बस फिर क्या सोनाली ने मितान योजना के टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क किया और घर बैठे चंद समय में आय प्रमाण पत्र उन्हें प्राप्त हो गया। इस पर सोनाली के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि घर बैठे ही प्रमाण पत्र मिल जाना और वह भी बिना दफ्तरों के चक्कर काटे यह बड़ी बात है , पहले इन्हीं प्रमाण पत्र के लिए भटकना पड़ता था, परंतु जरूरी प्रमाण पत्र बनाने की राह मितान योजना ने बिल्कुल आसान कर दी है। इसी प्रकार से आरोही बारले को जाति प्रमाण पत्र और भाव्या राय तथा नित्या राय दोनों बहनों को जन्म प्रमाण पत्र महज कुछ ही घंटों में प्राप्त हो गया। इन सभी आवेदकों ने मितान योजना के टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल किया था। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल और निगमायुक्त रोहित व्यास ने मितान योजना का अधिक से अधिक लाभ जरूरतमंदों को दिलाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरुआत 1 मई 2022 से की गई है तब से लेकर 1953 जरूरी प्रमाणपत्र हितग्राहियों को घर बैठे मिल चुके हैं। मितान योजना से लाभ प्राप्त कर लोगों की विश्वसनीयता बढ़ती जा रही है। जिन प्रमाण पत्र के लिए पहले कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे वह अब मितान योजना के जरिए आसानी से मिल रहे है। मितान योजना के तहत इन प्रमाणपत्रों को प्राप्त कर सकते हैं घर बैठे मितान योजना के तहत मिलने वाले प्रमाण पत्र की बात करें तो इस योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र , जन्म एवं विवाह प्रमाण पत्र में सुधार , निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र आसानी से बनवाए जा सकते हैं।